हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 13 जून 2025

11 डीसीपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



12 धर्मनगरी बेरी देवी देवताओं की पवित्र भूमि



## खबर संक्षेप

### जल्द शुरू होंगे दोनों अटल सेवा केंद्र : सैनी

**बहादुरगढ़।** शहर के सेक्टर-9/9ए में दो अटल सेवा केंद्र कई महीने पहले बनकर तैयार हो गए थे। लेकिन अब तक आमजन को यहां सुविधाएं नहीं मिल रही। भाजपा नेता जसबीर सैनी के अनुसार मुख्यमंत्री नायब सैनी को इसकी जानकारी दी गई है। उनके अनुसार पूरे प्रदेश में 123 अटल सेवा केंद्र बनवाए गए थे। लेकिन बहादुरगढ़ के सेक्टर-9/9ए में बने 2 सेवाकेंद्र शुरू नहीं होने पर जर्जर होने लगे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन्हें ठीक करवाकर जल्द शुरू करवाने की मांग की है।

### जहांगीरपुर से लड़की के अपहरण की आशंका

**बहादुरगढ़।** पश्चिम बंगाल की एक लड़की जहांगीरपुर से लापता हो गई है। परिजनों ने अपहण की आशंका जताई है। पुलिस को दी शिकायत में बंगाल मूल के व्यक्ति ने कहा है कि वह जहांगीरपुर स्थित एक भट्ठे पर परिवार सहित रहता है। गत दस जून को उसकी 16 वर्षीय लड़की अचानक लापता हो गई। हमें शंका है कि किसी ने उसका अपहरण किया है। पुलिस उसकी तलाश करने में मदद करे। वहीं, बादली थाना पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव लकड़िया के नजदीक ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के सिकंदरपुर गांव जिला मुज्फर नगर निवासी धर्मपाल ने बताया कि उसे बुधवार को सूचना मिली कि उसके पुत्र अमरिश का लकड़िया गांव के पास एक्सीडेंट हो गया। इसके बाद जब वह डीघल के सरकारी अस्पताल पहुंचा तो चिकित्सकों ने उसके पुत्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बस की चपेट में आने से महिला घायल, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** पुराने बस अड्डे के नजदीक सड़क क्रास करते वक्त एक महिला बस की चपेट में आ गई। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई। परिजनों की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घायल की पहचान अनीता निवासी इस्माइला के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में इस्माइला के निवासी विक्रांत का कहना है कि उसकी मां बक्करवाला से अपने गांव इस्माइला लौट रही थी। बहादुरगढ़ में पुराने अड्डे पर ऑटो से उतरकर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान दिल्ली की तरफ से आई बस ने मां को टक्कर मार दी। अगला टायर उनके ऊपर चढ़ गया। हादसे में मां को काफी चोट आई। उन्हें अस्पताल में ले जाया गया। तब बस चालक ने ईलाज कराने के लिए कहा लेकिन बाद में मुकर गया। उधर, पुलिस का कहना है कि बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


### हादसे में घायल हुए पूर्व सैनिक ने तोड़ा दम

**झज्जर ।** क्षेत्र के गांव छुछकवास में हुई एक कार व ट्रक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल कार सवार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस को दी शिकायत में मातनहेल गांव निवासी उधम सिहं ने बताया कि उसका भाई जितेंद्र भारतीय नौसेना से रिटायर्ड था। बीती दो जून की रात उसे छुछकवास में अपने भाई जितेंद्र के एक्सीडेंट की सूचना मिली। जब वह घटनास्थल पर पहुंचा तो जितेंद्र सड़क किनारे लेटा हुआ था। उसने बताया कि जब वह अपनी कार से झज्जर से घर के लिए आ रहा था तो उसे दादरी की तरफ से तेज गति से आए एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसके बाद वे उसे अपनी भाई को रोहतक के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। गंभीर चोटों के कारण उसके भाई जितेंद्र ने दम तोड़ दिया।

### विधायक बोले- मुख्यमंत्री से की बात, वेतन देने के निर्देश

# विधायक और चेयरपर्सन ने किया सफाई संकट हल होने का दावा

■ हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों के बीच पहुंचे विधायक राजेश जून



बहादुरगढ़। हड़ताली सफाई कर्मचारियों के बीच बैठे विधायक राजेश जून।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून वीरवार को नगर परिषद में हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों के बीच पहुंचे। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने की बात उन्होंने मजबूती से सीएम नायब सैनी के समक्ष उठाई। उनके निर्देश पर आज ही सफाईकर्मियों को वेतन मिलने की सभी औपचारिकताएं पूरी हो जाएंगी।

**समाधान के निर्देश :** विधायक राजेश जून ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके मामला उठाते ही तुरंत मौके पर अधिकारियों को वेतन संबंधी समस्या का समाधान करने के आदेश दे दिए। हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने इसके लिए विधायक राजेश जून का आभार जताया। साथ ही कहा कि उनके खाते में वेतन आते ही वे पूरे शहर में सफाई का कार्य शुरू कर देंगे। दो दिनों के अंदर शहर में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल हो जाएगी।

#### चेयरपर्सन बोलीं, ठेकेदार से मिलेगा छुटकारा



नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों के बकाया वेतन की समस्या का समाधान हो गया है। आज (वीरवार को) ही उनके बैंक खाते में बकाया वेतन पहुंच जाएगा। खाते में वेतन आते ही सभी सफाई कर्मचारी अपना काम भी शुरू कर देंगे। चेयरपर्सन सरोज राठी ने ठेका प्रथा की आलोचना करते हुए कहा कि हमने सीएम नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर नगर परिषद बहादुरगढ़ में 293 सफाई कर्मचारियों की हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से स्थाई नियुक्ति करने की मंजूरी मांगी है। जल्द ही मंजूरी मिलने के बाद सफाई कर्मचारियों को भी ठेकेदार की मनमानी से छुटकारा मिल जाएगा।

### दिनभर वेतन का इंतजार करते रहे कर्मचारी

**बहादुरगढ़।** वेतन की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दसवें दिन भी जारी रही। वीरवार को कर्मचारी इंतजार करते रहे लेकिन शाम तक सेलरी नहीं आ पाई थी। कर्मचारियों का कहना है कि पूरी सेलरी मिलने के बाद ही वे काम शुरू करेंगे और जल्द ही शहर को गंदगी मुक्त करने का प्रयास करेंगे।दरअसल, ठेके के अधीन कार्यरत ये सफाई कर्मचारी अपने तीन महीने के बकाया वेतन की मांग कर रहे हैं। पिछले कई महीनों से इनके साथ यह समस्या गहराई हुई है। वेतन न मिलने से परेशान कर्मचारियों ने तीन जून को हड़ताल शुरू कर दी थी। यह हड़ताल वीरवार को दसवें दिन प्रवेश कर गई। कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें सूचना मिली है कि वीरवार की शाम तक सेलरी खाते में आ जाएगी। लेकिन साढ़े पांच बजे तक खाते में सेलरी नहीं आई थी। जब तक पूरा वेतन नहीं आएगा, हम काम पर नहीं लौटेंगे। सेलरी मिलते ही पूरी ताकत के साथ शहर को साफ करने का काम शुरू कर देंगे। इसके साथ ही अधिकारियों से हमारी ये मांग भी है कि दोबारा भविष्य में इस तरह की स्थिति पैदा न हो। बता दें कि कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर गंदगी से सड़ रहा है।

# उधर, झज्जर में वेतन की मांग को लेकर हड़ताल पर गए सफाईकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारियों को जब वेतन नहीं मिला तो वे हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के चलते शहर के डंपिंग प्वाइंटों पर कूड़े के अंबार लगने शुरू हो गए हैं। जिसके कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, दिल्ली गेट, पुराना बस स्टैंड आदि स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं। सड़क किनारे लगे इस कूड़े के ढेर में जहां पशु खाने की तलाश में मुंह मारते रहते हैं जिस कारण कूड़ा सड़क किनारे दूर तक फैल गया है।



झज्जर। शहर के बीकानेर चौक पर सड़क किनारे दूर तक फैला कूड़ा।

#### कर्मचारी बोले- दो माह से नहीं मिल रहा वेतन



शहर के अंबेडकर चौक पर ये नजारा...

सड़क पर दूर तलक फैले इस कूड़े से जहां दिन भर दुर्गंध उठती रहती है। ऐसे में लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। डोर टू डोर कूड़ा उठान कार्य में लगे कर्मचारी रोहित बिड़लान, मुकेश चंदा, धर्म कांगड़ा, शिव कुमार, राजेंद्र काटीवाल, राजकुमार, रवि चंदा, जोगेंद्र, सतीश, अमन, सागर आदि ने बताया कि उन्हें पिछले दो माह से वेतन नहीं मिल रहा। पिछले माह ठेकेदार ने आकर आश्वासन दिया था कि दस तारीख को सभी कर्मचारियों के खाते में उनका वेतन डाल दिया जाएगा। इसके बावजूद भी उनका वेतन नहीं मिला। जब उन्होंने ठेकेदार से बात की तो उसने कहा कि उसके चेक पास नहीं हुए। ऐसे में सभी कर्मचारियों ने ग्यारह जून को हड़ताल करने का निर्णय लिया है। जब तक उन्हें वेतन नहीं दिया जाएगा तब तक वे हड़ताल पर ही रहेंगे।

# किसान व उसके बेटे पर पिस्तौल के बट से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़





■ नागरिक अस्पताल से पीजीआई रोहतक रेफर

■ पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

गांव लोहारहेड़ी में किसान व उसके बेटे से मारपीट का मामला सामने आया है। प्रधान के बेटे पर पिस्तौल के बट तथा डंडों से हमला करने व धमकी देने का आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वारदात लोहारहेड़ी के निवासी जगपाल सिंह व उसके बेटे हरदीप के साथ हुई है। हमले में इन्हें काफी चोट आई है। जिसके बाद इन्हें नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में जगपाल सिंह ने कहा है कि मैं खेतीबाड़ी करता हूं। हमारे गांव के प्रधान के लड़के ने एनसीआर नहर तक पाइपलाइन जमीन के नीचे बिछा रखी है। वह पाइप लाइन हमारे खेतों में लीक है। इस वजह से हमारी फसल को नुकसान पहुंचता है। उसे ठीक करने के लिए कई बार कहा गया है लेकिन ध्यान नहीं देते। गत दस जून को मेरा बेटा हरदीप खेत में काम कर रहा था। तभी प्रधान के दोनों बेटे खेत में आकर बोले कि तुम हमारी पाइप लाइन क्यों खोलते हो। हमने उनसे कहा कि आप अपनी वाल्व व लाइन ठीक करवा लो। फिर वे कहने लगे कि कुछ कर लो, हम ठीक नहीं कराएंगे। इतना कहने के बाद पिस्तौल का बट उन्होंने मेरी नाक पर मारा। मुझ पर तथा मेरे बेटे पर डंडे से हमला कर दिया। फिर धमकी देकर चले गए। हमले में हमें काफी चोट आई है। उधर, आसौदा पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# इन्वेस्टमेंट के नाम पर 2.98 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

साइबर ठगी



शहर में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब यहां के निवासी एक युवक को ट्रेडिंग तथा टास्क पूरे करने के नाम पर दो लाख 98 हजार 400 रुपये की चपत लगाई गई है। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात शहर के निवासी तुषार के साथ हुई है। तुषार का कहना है कि वह एक पिज्जा रेस्टोरेंट में काम करता है। एक महीने पहले टेलीग्राम पर लिंक आया। फिर टेलीग्राम पर एक व्यक्ति से बात हुई। उसने कहा कि ट्रेडिंग में पैसा लगाने और टास्क पूरा करने पर तुम रुपये कमा सकते हो। मैंने महीनेभर पहले शुरुआत में 300 रुपये लगाए, बदले में मुझे 450 रुपये मिले। इसके बाद उन्होंने और अधिक रुपये लगाने को कहा तो मैंने मना कर दिया। इस तरह से रोजाना उनके मैसेज आने लगे। तीन जून को जब सेलरी आई तो मैंने दस हजार तथा 40 हजार रुपये लगा दिए। फिर अपने दोस्त आकाश के खाते से दो बार में एक लाख रुपये, पिताजी के खाते से 50 हजार रुपये भेज दिए। इसके बावजूद से शातिर नहीं माने और रुपये मंगवाते रहे। गत 9 जून को एक लाख 98 हजार रुपये मंगवा लिए। जब मैंने अपने प्रोफिट सहित रुपयों की मांग की तो वे टाल मटोल करने लगे। मुझसे और रुपयों की डिमांड करने लगे। तब जाकर उनकी मंशा का पता चला लेकिन देर हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीवीसी और वालपुट्टी बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से नुकसान

कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव औरंगपुर व सिलाना के बीच स्थित एक फैक्ट्री में बुधवार रात करीब दस बजे अचानक आग लग गई। अचानक लगी इस आग के कारण वहां काम कर रहे श्रमिकों ने जहां भाग कर अपनी जान बचाई तथा पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची वहां स्थिति का जायजा लिया। आनन-फानन में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब आग पर काबू पाया गया तब तक फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर स्वाहा हो चुका था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। किसी भी श्रमिक के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। फैक्ट्री में वालपुट्टी व पीवीसी बनाने का काम किया जाता था। फिलहाल फैक्ट्री संचालकों द्वारा आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विधि विशेषज्ञों ने कानून के क्रियान्वयन पर उठाए सवाल

# गरीब बच्चों के लिए मजदूरी बनी मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बाल श्रम निषेध घोषित किए जाने के बावजूद जिले में बाल श्रमिकों की संख्या नहीं घट रही। मजदूरी की भट्ठी में झुलस रहे बच्चों के उत्थान की योजनाएं भी उनका उद्धार नहीं कर पा रही हैं। हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। विधि विशेषज्ञों के अनुसार श्रम विभाग समेत पूरी सरकार कुंभकर्णी नींद सो रही है। बता दें कि भारत में बाल श्रम कानूनन प्रतिबंधित है। फिर भी बाल श्रम का उन्मूलन संभव नहीं हो पा रहा है। कठोर कानूनी प्रावधानों के बावजूद बाल श्रमिकों की निरंतर बढ़ती संख्या चिंताजनक है। सख्त कानून और दंड का प्रावधान भी लोगों को बाल श्रम से विमुख नहीं कर सका है।

■ कठोर कानूनी प्रावधानों के बावजूद बाल श्रमिकों की निरंतर बढ़ती संख्या चिंताजनक





#### नियमों के तोड़ने वालों पर नहीं होती कार्रवाई

हालांकि नियमों को तोड़ने वाले सेवायोजकों के विरुद्ध कार्रवाई का सिलसिला भी जारी रहता है। गरीब परिवारों के बच्चे पेट की आग बुझाने के लिए खतरनाक कामों से भी नहीं चूक रहे हैं। ज्यादातर ईंट भट्ठों में काम करने वाले बच्चों की संख्या अधिक है। बाल श्रमिक ढाबों, रेहड़ी व फुटपाथों पर भी काम करते हुए दिखाई देते हैं। ज्यादातर बच्चों को बर्तन साफ करने, आर्डर लाने व खाना परोसने जैसे कार्यों में लगाया जाता है। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में भी सैकड़ों बाल श्रमिकों का शोषण होना आम बात है।

#### एडवोकेट छिकारा बोले


### संविधान के अनुच्छेद 23 के अनुसार किसी भी प्रकार का बाल श्रम निषिद्ध



बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश छिकारा ने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 के अनुसार किसी भी प्रकार का बाल श्रम निषिद्ध है। बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) कानून 1986, कारखाना अधिनियम 1948, राष्ट्रीय बाल श्रम नीति 1987 और राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना आदि कानून 14 साल से कम उम्र के बच्चों को जीवन जोखिम में डालने वाले व्यवसायों में काम करने पर रोक लगाते हैं। इनकी अवमानना करने पर कारावास, अर्थदंड अथवा दोनों सजाएं एक साथ दी जा सकती हैं। लेकिन श्रम विभाग की कार्य प्रणाली बेहद सुस्त है। हालांकि बाल श्रम को रोकने की जिम्मेदारी विभाग के साथ ही हम सबकी भी बनती है। हमें भी ऐसे बच्चों को मुक्त कराकर नया जीवन देना चाहिए।

# बहरीन में ताइक्वांडो खेलने जाएगा हार्दिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र हार्दिक अहलावत ने अंडर-17 ट्रायल में गोल्ड मेडल जीतकर तीसरे यूथ एशियन गेम्स में प्रतिभागिता सुनिश्चित कर ली है। स्कूल प्रबंधन ने उम्मीद जताई है कि अपने बेहतर खेल की बदौलत हार्दिक अहलावत बहरीन में भी पदक जीतकर स्कूल, माता-पिता तथा भारत का नाम रोशन करेगा।

ताइक्वांडो के लिए टीम इंडिया का सिलेक्शन ट्रायल 9 से 11 जून तक नासिक में हुआ था। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ पूनम चौधरी ने बताया कि हार्दिक अहलावत ने उस ट्रायल में अंडर-17 आयुवर्ग में हिस्सा लेते हुए 73 प्लस किलो भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। उनके अनुसार अब हार्दिक अहलावत 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में होने वाले तीसरे यूथ एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। ट्रायल में गोल्ड मेडल जीतने पर स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ सीमा छिल्लर, प्रधानाचार्य डॉ पूनम चौधरी, कोच सुरेन कुमार ने खुशी जताते हुए कहा कि बहरीन में भी पदक जीतने का आशीर्वाद दिया।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में झपकी आते ही मोबाइल चोरी

**रेवाड़ी।** ऐलनाबाद से गुरूग्राम के लिए ट्रेन में सवार हुए एक यात्री का मोबाइल फोन चोरी हो गया। जीआरपी गुरूग्राम को दर्ज शिकायत में ऐलनाबाद के खारी सुरेरा निवासी रामरतन ने बताया कि वह ट्रेन से गुरूग्राम जा रहा था। लोहारू स्टेशन के पास कुछ देर के लिए उसकी आंख लग गई। इसी दौरान किसी ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। गुरूग्राम से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर केस दर्ज करने के बाद जीआरपी ने फोन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**डहीना।** बुड़ौली बस स्टैंड के पास कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में कनीना निवासी योगेंद्र ने बताया कि वह अपने दोस्त ललित के साथ रेवाड़ी ड्यूटी पर कार से जा रहा था। बुड़ौली बस स्टैंड के पास एक ट्रैक्टर चालक बिजली का पोल बांधकर जा रहा था।

### श्रमिक से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**नांगल मूंदी।** नांगल गांव में श्रमिक के साथ मारपीट करने का आरोपी डेयरी संचालक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बिहार के समस्तीपुर जिला के गांव डाठा निवासी रामबाबू ने पुलिस बयान में डेयरी संचालक नरेंद्र पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था।

### मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया

# भापड़ौदा आईटीआई में किया योग

■ योग सहायिका स्वाति देवी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग आसनों का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भापड़ौदा की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयुष विभाग की तरफ से योग प्रोटोकॉल का आयोजन किया गया। योग सहायिका स्वाति देवी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग आसनों का अभ्यास करवाकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर ऐसे शिविर लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार, प्रशिक्षक वीरेंद्र सिंह, योगेश, हरिंदर, समूह प्रशिक्षक रजनीश, अनूप कुमार और डिप्टी सुपरिटेंडेंट विनीत कत्याल आदि उपस्थित रहे।





बहादुरगढ़। विद्यार्थियों व प्रिंसिपल के साथ योग सहायिका स्वाति, राजकीय नेहरू महाविद्यालय में योगाभ्यास करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### नेहरू कॉलेज में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों तथा प्राणायामों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता डॉक्टर अरूण कुमार ने किया। योग सत्र का संचालन महाविद्यालय की छात्राओं तन्नू और मन्नू ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सरल और प्रभावी योगासनों का अभ्यास कराया तथा ताड़ासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा श्वासन जैसे योगासनों के महत्त्व से परिचित करवाया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने की एक जीवन शैली है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है और जीवन में आत्मिक संतुलन बना रहता है। विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे योग को केवल एक दिन की औपचारिकता न मानें और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।



झज्जर। योगाभ्यास करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों और शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों तथा प्राणायामों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता डॉक्टर अरूण कुमार ने किया। योग सत्र का संचालन महाविद्यालय की छात्राओं तन्नू और मन्नू ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सरल और प्रभावी योगासनों का अभ्यास कराया तथा ताड़ासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा श्वासन जैसे योगासनों के महत्त्व से परिचित करवाया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार पूनिया ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने की एक जीवन शैली है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है और जीवन में आत्मिक संतुलन भी बना रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिन की औपचारिकता न मानें और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। डॉ. अरूण कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक व मानसिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देना रहा। सभी प्रतिभागियों ने योग करें, निरोग रहें के संकल्प के साथ भविष्य में भी नियमित योग करने का प्रण लिया।

## डीसीपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



बहादुरगढ़। मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीसीपी मयंक मिश्रा। फोटो :हरिभूमि

■ बादली, पाहसोर, एमपी माजरा में 15 जून को होंगे पंचायत चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बादली

आगामी 15 जून को बादली, पाहसोर और एमपी माजरा में पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं। चुनाव को लेकर प्रशासन भी पूरी तैयारियों में जुटा है। वीरवार को बहादुरगढ़ के पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने तीनों गांवों में दौरा कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस उपायुक्त ने सरपंच पद के प्रत्याशियों के साथ भी मीटिंग करके उनसे सहयोग की अपील की। डीसीपी ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी ने चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई भी गड़बड़ी करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कई बार चुनाव के दौरान विवाद हो जाता है। इस तरह के विवादों से बचने के लिए हमें छोटी-मोटी बातें दरकिनार करनी चाहिए। विवाद का आपसी सहमति से समाधान करना चाहिए। आप लोग अपने गांव की छवि को न बिगड़ने दें। शांति पूर्वक, बिना किसी विवाद के चुनाव को संपन्न करवाएं। पुलिस उपायुक्त ने वोटरों से भी अपील करते हुए कहा कि वह किसी के भी दबाव में न आएं, बिना भय के अपने मत का प्रयोग करें। झज्जर पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए है। संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पेट्रोलिंग पार्टियां भी 10 से 15 मिनट के अंतराल पर घूमती रहेंगी। किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने पुलिसकर्मियों को डयूटी में लापरवाही न बरतने की हिदायत भी दी।

## बाल श्रम अधिनियम की जानकारी देकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बाल श्रम बारे अन्य लोगों को जागरूक करने की शपथ लेते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एमडीडी ऑफ इंडिया तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जहांगीरपुर में दुकानदारों के साथ मिलकर विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के अधिकारियों व संस्था सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को बाल श्रम संशोधन अधिनियम 2016 बारे विस्तार से जानकारी दी गई। संस्थान के समूह अनुदेशक देवेंद्र ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ है, बाल श्रम के चलते बच्चे अपने सपनों से कोसों दूर चले जाते हैं। ऐसे में बाल श्रम पर अंकुश लगाना जरूरी है। अनुदेशक प्रदीप कुमार ने कहा कि हमारे जिले में बाल श्रम बड़े पैमाने पर फैला हुआ है, ऐसे में जिला प्रशासन को इस विषय में सख्त होना पड़ेगा तथा ज्यादा से ज्यादा रेस्क्यू आपरेशन चलाकर बाल श्रम में लिप्त बच्चों को मुक्त कराना होगा। दुकानदार पुष्पेन्द्र ने कहा कि बच्चे अपनी शिक्षा पूर्ण करें यह जिम्मेदारी मां-बाप की बनती है लेकिन दुकानदारों का भी कर्त्तव्य है कि वे जागरुकता का परिचय देते हुए किसी भी बच्चे से बालश्रम न कराएं। इस मौके पर मनोज कुमार, बलराज, धीरज कुमार व रविंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम रविंद्र मलिक।

## सीटीएम ने समाधान शिविर में सुनीं 18 शिकायतें, जल्द समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को लघुसचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम रविंद्र मलिक ने नागरिकों की विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनीं गईं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शिविर में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें परिवार पहचान पत्र से संबंधित दो , पुलिस विभाग से दो, राजस्व विभाग से दो, स्वास्थ्य विभाग से एक, ग्रामीण विकास विभाग से तीन, नगर निकाय विभाग से दो, बिजली निगम से दो, जिला परिषद से एक तथा सिंचाई विभाग से संबंधित एक शिकायत शामिल रही। सीटीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे प्राप्त शिकायतों का समाधान निर्धारित समय सीमा में करें और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी अवश्य दें।

## सिलाई एवं कटाई प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को दिए प्रमाण-पत्र

■ पिछले 10 वर्षों में इस कार्यक्रम के अंतर्गत पांच हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रिलायंस मॉडल इकोनामिक टाउनशिप कंपनी के प्रोजेक्ट क्षेत्र में आने वाले गांव कुकड़ौला में आयोजित तीन माह का सिलाई-कटाई प्रशिक्षण के समापन प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। रिलायंस की टीचर सुनीता देवी ने बताया कि कार्यक्रम में 3 महीने तक सभी महिलाओं को विभिन्न प्रकार के लेडिज सूट व अन्य गारमेंट्स का प्रशिक्षण दिया गया। रिलायंस कंपनी के महिला विकास कार्यक्रम के अंतर्गत रिलायंस के प्रोजेक्ट क्षेत्र में आने वाले सभी गावों में इस प्रकार के ब्यूटी कल्चर प्रशिक्षण व कटाई-सिलाई प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम पूरे वर्ष भर विभिन्न गांव में चलाए जा रहे हैं। कलोई, दादरी तोए, सौंधी, देवरखाना आदि कई गांव में महिलाओं ने अपनी दुकान चला कर परिवार की आजीविका में सहयोग करना आरंभ कर दिया है। पिछले 10 वर्षों में इस कार्यक्रम के अंतर्गत पांच हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम सरपंच मधुबाला, लक्ष्मी देवी व रिलायंस की तरफ से नीलम सिंह, चंचल, लोकेश कापसे, राजकुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। दिए गए प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र दिखाते हुए प्रशिणार्थी महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** गांधी नगर में चोर दिन दहाड़े एक मकान का ताला तोड़कर जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में नितिन जैन ने बताया कि वह गत बुधवार को सुबह के समय ड्यूटी पर चला गया था। दोपहर के समय उसकी पत्नी राजबाला किसी काम से बाहर चली गई। लगभग 2 घंटे बाद जब वह घर लौटी तो मकान का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर रखी अलमारी खुली हुई थी। चोर अलमारी से 15 हजार रुपये, सोने की चेन, अंगूठी, बाली व संदूक में रखे बैग से चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की वीडियोग्राफी की। इसके बाद पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गया चोर सीसीटीवी कैमरे में नजर आया

■ पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए

**धारूहेड़ा।** कापड़ीवास में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में चंद्रभान ने बताया कि उसकी बाइक को बेटा इस्तेमाल करता है। उसके बेटे ने मकान के बाहर खड़ी करने के बाद बाइक लॉक कर दी थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। बाइक गायब मिलने के बाद आसपास काफी पूछताछ की गई, परंतु बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। उसने अपने घर के बाहर लगा कैमरा चेक किया तो तड़के 3:24 बजे एक लड़का उसकी बाइक चोरी करते हुए दिखाई दिया। उसने तुरंत पुलिस को फोन किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर पुलिस ने आरोपी की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

### संदूक का ताला तोड़कर जेवरात उड़ाए

**रेवाड़ी।** हांसाका गांव में चोर एक मकान के अंदर रखी संदूक का ताला तोड़कर जेवरात चोरी कर ले गए। सदर थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में गांव निवासी शिवकुमार ने बताया कि उसके घर में रखी संदूक में जेवरात थे। बुधवार सायं उसे संदूक का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। संदूक में रखने गहनों का बैग गायब था। बैग में सोने के 2 जोड़ी कुंडल, सोने की अंगूठी व चांदी के काफी जेवरात थे।

## बेटे ने सुपारी देकर करवाई थी पिता की हत्या पुलिस ने हत्यारोपी को लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ठोठवाल गांव में हुई वृद्ध बीरसिंह की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। आरंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि बीरसिंह के बेटे ने ही अपने पिता की हत्या कराने के लिए पड़ोसी गांव के व्यक्ति को सुपारी दी थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, परंतु अभी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है। बीर सिंह गत मंगलवार को बाइक लेकर घर से गांव में ही ताश खेलने के लिए गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने रामपुरा थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। बुधवार सुबह बीरसिंह का शव उसके खेत में ही पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों ने उसकी मौत गर्दन पर चाकू के वार से होने का खुलासा किया था। रामपुरा थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीरसिंह की हत्या पुंसिका निवासी कृष्ण ने उसके बेटे से पांच लाख रुपये की सुपारी लेकर की थी।

#### बेटे के बयान ने पैदा किया संदेह

पुलिस सूत्रों के अनुसार बीरसिंह का शव मिलने के बाद उसके बेटे रवि ने पुलिस को बताया था कि उसके पिता की किसी के साथ कोई रंजिश नहीं थी। खेतों में आवारा पशु किसानों पर हमला करते रहते हैं। ऐसे में उसके पिता को भी किसी पशु ने ही शिकार बनाया होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चाकू से हत्या की बात सामने आने के बाद रवि के बयान ने पुलिस का शक बढ़ा दिया। थाना प्रबंधक विद्यासागर ने हत्या से जुड़ी तमाम कड़ियों को जोड़ते हुए कृष्ण को हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार मृतक के बेटे को भी हिरासत में ले चुकी है, परंतु दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की थी।

### समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे

# पुलिस टीम डोर टू डोर जाकर आमजन को कर रही नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक

■ नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ धन की हानि होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। नशे के दुष्प्रभाव के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

जिले को नशा मुक्त बनाने की मुहिम के तहत पुलिस की विभिन्न टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में वीरवार को पुलिस टीम द्वारा एएसआई राखी के नेतृत्व में गांव कन्हवा व खाजपुर में जाकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा कोई भी हो वह परिवार को बर्बाद कर देता है। समाज में अधिकांश अपराध नशे के कारण ही हो रहे है। पहले युवा नशा शौक के कारण करता है और बाद मे धीरे धीरे वह अन्य नशे हेरोईन, अफीम आदि जानलेवा नशे लेना शुरु कर देता है। इसके बाद में नशे की लत पड़ने पर उसका जीवन बर्बाद हो जाता है। नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ्य के साथ साथ धन की हानि होती है। नशे से हजारों घर बर्बाद हो चुके है। इसलिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए और यदि कोई व्यक्ति आपके आसपास नशे का कारोबार करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए ताकि ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आप अपना कमरा या मकान किसी को किराए पर देते हो तो किराएदार की पुलिस वेरीफिकेशन जरूर करवाए।



बहादुरगढ़। कैंप में बच्चों को जागरुक करती साध्वी सुशीला बहन। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थी उज्जवल शिविर का आयोजन

**बहादुरगढ़।** संत आसाराम आश्रम के बाल संस्कार केंद्र द्वारा शहर के किला मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में विद्यार्थी उज्जवल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। शिविर में साध्वी सुशीला बहन ने बच्चों को योग प्राणायाम करने के साथ-साथ संस्कारों की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन बाल संस्कार केंद्र की बहनों द्वारा आयोजित किया गया था। साध्वी सुशीला बहन ने बताया कि सभी को संत महापुरुषों द्वारा दिखाए गए राष्ट्र हित व धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। बच्चों को अपने गुरुजनों, माता-पिता तथा राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। शिविर में समिति सदस्य पूनम, गायत्री, किरण, रजनी, प्रेमसागर, अनीता, सिम्मी, आरती, इंदिरा, सुरेंद्र, नवीन मल्होत्रा व प्रवीण अरोड़ा ने सेवा की।

**सूचना**

मैं, राजेंद्र शर्मा पुत्र स्वर्गीय अमरनाथ शर्मा निवासी वार्ड नंबर 13, भट्टी गेट, तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दिनेश कुमार और पुत्रवधु वर्षा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उपरोक्त दोनों के साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# कारोबार पर गर्मी की मार, दुकान एवं लेबर खर्च निकालना हो रहा मुश्किल

## बाजार में पसरा रहता है सन्नाटा, दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। पुराना बस अड्डा मार्ग पर सिर कपड़े से ढककर जाता युवक। फोटो : हरिभूमि

तेज गर्मी की तपिश के चलते बाजार में आई ग्राहकों की कमी के कारण दुकानदार आजकल मंदे की मार झेलने को मजबूर हैं। यदि दोपहर के समय बाजार का दौरा किया जाए तो वहां सन्नाटा पसरा नजर आता है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले तीन चार दिनों से प्रचंड गर्मी के कारण बाजार में ग्राहक ना के बराबर आ रहा है। जिस कारण सभी दुकानदारों के व्यापार पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। यदि दुकानदारों की माने तो अब केवल सुबह व शाम के समय ही थोड़ी बहुत दुकानदारी हो पाती है जिससे बामुश्किल दुकान व लेबर का खर्चा निकलता है। चाहे खाद्य पदार्थों की दुकान हो, चाहे वस्त्रों या फिर सौंदर्य प्रसाधन की सभी दुकानदार लगभग पूरा दिन ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहते हैं। जिसके कारण दुकानदार काफी परेशान हैं।

उधर, वीरवार को भी चिलचिलाती धूप ने खूब परेशान किया। दोपहर के समय लोग अपने घरों, कार्यालयों व दुकानों में दूबकने को मजबूर रहे। वीरवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं।

### गर्मी में रखें अपनी सेहत का ध्यान

बहादुरगढ़। भीषण गर्मी में बढ़ते तापमान की वजह से हीट स्ट्रोक व हीट वेव लगने का अंदेशा रहता है। नीमा के पूर्व प्रधान डॉ. एसके मलिक के अनुसार इससे बचाव को लेकर विशेष सावधानियां बरतने की जरूरत है।



- हीट स्ट्रोक व हीट वेव लगने का अंदेशा
- बचाव को लेकर सावधानियां बरतने की जरूरत

पिछले कई दिनों से तापमान में बढ़ोतरी हो रही है और चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही लू भी चल रही है। नीमा के पूर्व प्रधान डॉ. एसके मलिक ने कहा कि बेवजह धूप में निकलने से बचना चाहिए। धूप से बचने के लिए सिर व चेहरे को ढकें। अपने साथ पानी की बोतल भी जरूर रखनी चाहिए। इस मौसम में जंक फूड का सेवन ना करें। बढ़ती गर्मी में बुजुर्ग व बीमार व्यक्तियों की उचित देखभाल जरूर करें। डॉ. मलिक के अनुसार गर्मियों में शरीर से पसीने के रूप में बहुत सारा पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं। जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है। हीट स्ट्रोक से बचने और डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। नींबू पानी पीने से शरीर में ऊर्जा प्राप्त होती है। नारियल पानी इलेक्ट्रोलाइटस की पूर्ति के लिए अच्छा तरीका है।

# डीसी से मिला कोबी प्रतिनिधिमंडल



बहादुरगढ़। जिला उपायुक्त से मिलते कोबी से जुड़े उद्योगपति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने भी भाजपा सरकार के 11 सफल वर्षों पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अलावा जिला उपायुक्त से मुलाकात कर उद्योगों की स्थिति सुधारने बारे चर्चा की। प्रशासन और उद्यमियों के बीच मासिक बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया गया। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, तिलक राज गर्ग, रवि चमड़िया, पवन लाकड़ा, वरुण सराओगी व मनीष गुप्ता आदि उद्योगपतियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। प्रवीण गर्ग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि गत 11 वर्षों में भारत ने औद्योगिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, पीएलआई योजना और जीएसटी जैसे सुधारों ने उद्योगों को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि झज्जर जिले में जापानी, कोरियन, जर्मन और फ्रेंच कंपनियों की उपस्थिति प्रधानमंत्री की औद्योगिक नीतियों का ही प्रतिफल है। कोबी प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरानउद्यमियों ने सुझाव दिया कि जिला प्रशासन व सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की मासिक बैठक कोबी कार्यालय में आयोजित हों, तो सिंगल विंडो प्रणाली के अंतर्गत उद्यमियों की समस्याएं शीघ्र हल हो सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### झुलसाती गर्मी ने किया हाल बेहाल

बहादुरगढ़। गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। केवल दिन ही नहीं, बल्कि रात के वक्त भी गर्मी सता रही है। तापमान काफी ऊपर जा चुका है। गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। बिजली कटों ने भी परेशानी बढ़ा दी है। दरअसल, मई माह में आंधी और बरसात के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली थी लेकिन जून माह में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। बीते चंद दिनों से तापमान 44 के आसपास है। वीरवार को भी दिनभर भीषण गर्मी रही। चिलचिलाती धूप और लू के झोकों ने जन जीवन प्रभावित कर दिया। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के वक्त सड़कों, गलियों में आवागमन कम हो गया है। बाजार में कामकाज भी प्रभावित है। केवल दिन ही नहीं, रात के वक्त भी बेहद गर्मी महसूस हो रही है। नबढ़ती गर्मी के बीच कट रही बिजली के कारण भी लोग परेशान हैं।

### मोदी के नेतृत्व में देश विकास की और अग्रसर

झज्जर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और वैश्विक मंच पर भारत नई पहचान के साथ विकास की नई गाथा लिख रहा है। देश की जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है और विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्षों काकार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

# किसानों ने दिल्ली की तर्ज पर 60 प्रतिशत मुआवजे की मांग की

- किसान नेताओं ने एसडीएम के माध्यम से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, सीएम, नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

किसानों ने हरियाणा में एचटी लाइन बिछाने के लिए बनी पॉलिसी में सभी प्रकार की प्रभावित भूमि का दिल्ली की तर्ज पर 60 प्रतिशत एकसमान मुआवजा निर्धारित करने की मांग की है। इसे लेकर किसान नेताओं ने वीरवार को एसडीएम के माध्यम से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष व राज्य ऊर्जा मंत्री आदि ज्ञापन भेजा है।

बता दें कि पावरग्रिड कॉरपोरेशन द्वारा 5 राज्यों में एचटी लाइन रो कॉरिडोर डालने के लिए दिल्ली प्रदेश में सभी प्रकार की जमीनों के 60 प्रतिशत दर से मुआवजा देने की पॉलिसी से हरियाणा के किसान संगठनों में भी उम्मीद जगी है। जबकि हरियाणा में बनी पॉलिसी में ग्रामीण, अर्ध शहरी व शहरी श्रेणी के तहत 30 से 60 प्रतिशत के तीन स्लैब घोषित किए गए हैं। किसानों के अनुसार 99 प्रतिशत लाइन ग्रामीण क्षेत्र से होकर गुजरती है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रताप छिल्लर, जोगेंद्र छिकारा, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ शमशेर और पूर्व पार्षद वजीर राठी ने एसडीएम नसीब सिंह के माध्यम से एक ज्ञापन ऊर्जा मंत्री समेत अन्य पक्षकारों को भेजा है। किसानों ने नए घोषित सर्किल रेट को आधार मानकर उसी अनुपात में वृद्धि सूचकांक तय करने की मांग रखी है।

## टेस्ट पास करने के बाद शिक्षक करा सकेंगे मनचाहे स्कूलों में तबादला

झज्जर। जिले के मॉडल संस्कृति एवं पीएमश्री विद्यालयों में लंबे समय से बनी शिक्षकों की कमी शीघ्र ही पूरी हो जाएगी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मॉडल संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों में ट्रांसफर को लेकर पन्द्रह जून को ऑफलाइन परीक्षा ली जाएगी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देशानुसार शिक्षकों को मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम यानि एमआईएस पोर्टल पर आवेदन करना होगा। शिक्षक तेरह जून की रात दस बजे तक आवेदन कर सकते हैं। ट्रांसफर को लेकर बनाई गई पॉलिसी में स्कूल मुखिया सहित सभी शिक्षक और अतिथि अध्यापक भी आवेदन कर सकते हैं। स्क्रीनिंग टेस्ट व अकेडमिक क्वालिफिकेशन के आधार पर प्वाइंट हासिल करने वाले शिक्षक को संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों में ट्रांसफर मिलेगा। मेरिट हासिल करने वाले शिक्षक होंगे शॉर्टलिस्टिड : जानकारी अनुसार विभाग रेशनलाइजेशन पॉलिसी के अंतर्गत शिक्षकों को शॉर्ट लिस्ट करेगा। ट्रांसफर के आवेदन करने वाले शिक्षकों में पहले से मॉडल संस्कृति और पीएमश्री स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों को वरीयता दी जाएगी। टेस्ट में लाए गए प्वाइंट्स के आधार पर मेरिट तैयार की जाएगी।

मेरिट के अंतर्गत शिक्षकों को उनकी ओर से चयनित स्कूलों में ट्रांसफर दिया जाएगा। इसके बाद अगर पर खाली रहता है तो पीएमश्री व मॉडल संस्कृति के अलावा अन्य सरकारी स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों को भी इन स्कूलों में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

## भारत विकास परिषद का तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर शुरू



बहादुरगढ़। बच्चों को संस्कारों की शिक्षा देते भाविप पदाधिकारी।

बहादुरगढ़। भारत विकास परिषद बहादुरगढ़ शाखा की ओर से तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ वीरवार को राणा प्रताप स्कूल में हुआ। भाविप के सदस्यों और प्रतिभागी बच्चों ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर में 40 बच्चे भाग ले रहे हैं। संस्कार संयोजक दीपेश राठी और महिला संयोजिका सुभदा घरोटे ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति, महान विभूतियों के जीवन और नैतिक मूल्यों से अवगत कराया जाएगा। जिला समन्वयक सतीश शर्मा और शाखा सचिव विजय पुन्हानी ने भारत विकास परिषद के मूल मंत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के बारे में बताया। शाखा अध्यक्ष रमेश गुप्ता और स्कूल प्रबंधक आनंद कुमार ने शिविर के दौरान मिली सीख को ग्रहण करने का आह्वान किया। वीरवार को शिविर के प्रथम सत्र में बच्चों ने गुरु वंदना और ॐ का उच्चारण करना सीखा। साथ ही बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया। पूर्व अध्यक्ष हरीश बजाज ने बच्चों को संस्कारित बनने के लिए प्रेरित किया। कोषाध्यक्ष एमएस भाटी, शिक्षाविद सुनीता पंवार, राधा भाटी, मधु पुन्हानी आदि ने शिविर के आयोजन में सहयोग किया।

# लंबित मांगों को पूरी कराने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारी तैयार करेंगे आंदोलन रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सरकार द्वारा बार-बार दिए आश्वासनों के बावजूद मांगें पूरी न होने के कारण स्वास्थ्य कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अब सरकार की इस नीति के विरोध में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन द्वारा जन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्षा शर्मिला देवी व महासचिव सहदेव आर्य जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 14 जून को सर्व कर्मचारी संघ भवन रोहतक में संगठन के पदाधिकरियों का प्रशिक्षण शिविर होगा जिसमें कर्मचारियों की मांगों बारे विस्तार चर्चा भी की जाएगी। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित भारतीय जन स्वास्थ्य मापंदड को दरकिनार करके स्वास्थ्य विभाग की योजना शाखा के तत्कालीन निदेशक द्वारा सरकार को भेजी गई गलत जानकारी की वजह से जो हजारों पद समाप्त किए गए हैं उन्हें तुरंत बहाल करने की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू को नियमित कर्मचारियों की भांति 4200 ग्रेड पे के अनुसार वेतन देने, एमपीएचडब्ल्यू के रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती करने, पदोन्नति सूची जारी करने, पदोन्नत पदों के वेतनमान संशोधित करने की मांग की है। एसोसिएशन ने विभाग के उस निर्णय पर भी विरोध प्रकट करने का निर्णय लिया है जिसमें चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने मोबाइल के माध्यम से जियो-फेसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश दिए गए थे।

# जलनिकासी के लिए डीसी को सौंपा ज्ञापन

- नाले की सफाई का कार्य रोके जाने से नाराज वार्ड-23 निवासी
- उपायुक्त ने दौरा कर अधिकारियों को सफाई के सख्त निर्देश दिए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। जिला उपायुक्त को ज्ञापन देते संजीव मलिक व वार्ड निवासी।

शहर के झज्जर रोड पर बरसाती नाले की सफाई का कार्य अधर में रोके जाने से नाराज वार्ड-23 के निवासी पार्षद प्रतिनिधि संजीव मलिक के साथ जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल से मिले और झज्जर रोड पर अधूरे नाले की सफाई पूरी करवाने के लिए ज्ञापन दिया।

पार्षद सुनैना मलिक के पति संजीव मलिक ने बताया कि पिछले सप्ताह जिला उपायुक्त ने बहादुरगढ़ का दौरा करते हुए अधिकारियों को बरसाती नालों की सफाई के सख्त निर्देश दिए थे। इसके मद्देनजर झज्जर रोड पर बरसाती नालों की सफाई का कार्य आरम्भ हो गया था, लेकिन यह कार्य को बीच में ही रोक दिया गया। नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी यह काम आगे नहीं बढ़ पाया। ना ही अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब दे रहे। बरसात के दौरान हर बार पूरा वार्ड जलमग्न हो जाता है। यदि इन बरसाती नालों की सफाई पूरी तरह से नहीं हुई तो इस बार भी जलभराव विकराल रूप धारण करेगा। उन्होंने नालों की सफाई जल्द पूरी करवाने की मांग की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

दर्शन | मंत्री अरविंद शर्मा ने बेरी मंदिर में माथा टेका

# धर्मनगरी बेरी देवी देवताओं और संत महात्माओं की पवित्र भूमि :अरविंद



बेरी। बृहस्पतिवार को माता के दर्शन उपरांत संतों का आशीर्वाद लेते हुए सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा बुधवार सांय धर्मनगरी बेरी पहुंचे और महाभारतकालीन माता भीमेश्वरी देवी के अंदर वाले मंदिर में देवी की आराधना कर विधिवत पूजा अर्चना की। डॉक्टर अरविंद शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के साथ साथ उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की सोच है कि धार्मिक स्थलों को अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहचान मिले। उन्होंने कहा कि बेरी में विश्व प्रसिद्ध माता भीमेश्वरी देवी मंदिर आकर सुखद महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि जगत माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे,ऐसी माता से प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि बेरी का इतिहास काफी पुराना है। एक साथ देवी माता के दो मंदिर होना अपने आप में एक इतिहास है। इन मंदिरों में महर्षि दुर्वासा के समय की पूजा पद्धति का आज भी अनुशरण हो रहा है, यह सराहनीय है। इस दौरान मंदिर के पुजारी कुलदीप वशिष्ठ, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश गोयल,पूर्व चेयरमैन मनीष नंबरदार, पार्षद मिथुन शर्मा, मुकुल कौशिक सहित अन्य भी मौजूद रहे।

- माता भीमेश्वरी देवी के अंदर वाले मंदिर में देवी की विधिवत पूजा अर्चना की
- एक साथ देवी माता के दो मंदिर होना अपने आप में एक इतिहास

# लेबर चौक पर लगाया भंडारा



बहादुरगढ़। लेबर चौक पर सब्जी पूरी वितरित करते वीरेंद्र बुल्लड़। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वीरवार को क्षेत्र के कामगारों के लिए समाजसेवी वीरेंद्र पहलवान उर्फ बुल्लड़ द्वारा देशी घी के भंडारे का आयोजन किया गया। शहर के रेलवे रोड पर स्थित लेबर चौक पर लगाए भंडारे में सैकड़ों श्रमिकों ने प्रसाद ग्रहण किया। राहगीरों ने भी प्रसाद छका। इस मौके पर प्रवीण, भोला, सचिन, छोटा व सोमवीर आदि मौजूद रहे।

## रेपिड चेस टूर्नामेंट 15 को

बहादुरगढ़। शहर में स्थित बिग ब्रेन चेस एकेडमी में 15 जून को तीसरी रेपिड शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन होगा। टूर्नामेंट की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। अंडर 17 लड़के और लड़कियों के वर्ग में मुकाबले होंगे। एकेडमी के प्रमुख ने बताया कि रेपिड टूर्नामेंट में खिलाड़ी के पास 20 मिनट प्लस दस सेकेंड का समय रहेगा। इसमें तीव्र और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इसमें भाग लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून है। पहला ईनाम 2100 रुपये व ट्रॉफी रहेगा। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले को 1500 रुपये मेडल तथा तीसरे स्थान पर आने वाले खिलाड़ी को 1100 रुपये व मेडल दिया जाएगा। अंडर 11 में भी टॉप थ्री विजेता पुरस्कृत किए जाएंगे।